हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 13 मई 2024

12 मुकदमों के विरोध में किसान यूनियन ने थाने का किया घेराव



12 युवाओं को नशे से बचाने को कबड्डी जैसे खेलों से जोड़ना जरूरी : अनिल



## खबर संक्षेप

### मंदिर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास कल

**डबवाली।** गांव रावतखेड़ा हिसार के पास स्थित प्राचीन श्री साथरी मंदिर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास 14 मई को अखिल भारतीय बश्निोई महासभा के संरक्षक कुलदीप बश्निोई द्वारा किया जाएगा। साथरी मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया करेंगे। बश्निोई सभा डबवाली के सचिव इंद्रजीत बश्निोई ने बताया कि प्राचीन श्री साथरी मंदिर में 14 मई को सुबह 7.15 बजे हवन व 11.15 बजे धर्मसभा होगी।

### गोरखपुर से सुअर चोरी, तीन युवकों पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने गोरखपुर से सुअरों को चोरी कर लिया। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी रोशन ने कहा है कि उसने अपने घर में सुअर पाल रखे है। गत दिवस राम को अज्ञात चोरों ने उसके दो सुअरों को चोरी कर लिया। इस पर उसने अपने स्तर पर चोरों की तलाश शुरू कर दी। उसने आरोप लगाया कि गांव के सचिन, अजय व दिनेश उर्फ जिन्सा नामक युवकों ने उसके दो सुअरों को चोरी किया है।

### चुनाव की जानकारी को कंट्रोल रूम पर करें शिकायत

**फतेहाबाद।** टोहाना के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर लघु सचिवालय टोहाना के प्रथम तल पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जो चुनाव घोषणा के समय से ही कार्यरत है। कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 01692-298600 है। उन्होंने बताया कि आमजन चुनाव संबंधी प्रातऱ् जानकारी लेने या किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करवाने के लिए इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### शक्षिक को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**डबवाली।** डबवाली में एक शक्षिा के पवत्रि मंदिर में छोटी बच्चियों से बेड टच करने के आरोपी स्कूल इंचार्ज बलबीर बश्निोई की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। बच्चियों के अभिभावकों की शिकायत पर बलबीर बश्निोई के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### बंद पड़े मकान से नकदी और आभूषण चोरी

**डिंग मंडी।** गांव जोधकां में एक बंद पड़े मकान से चोर 15 हजार रुपए की नकदी सहित हजारों रुपए के आभूषण चुरा कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में कमला देवी ने बताया कि बीती 9 मई को वह गांव बरवाला में शादी में गई हुई थी। घर के कमरों व मेन गेट को वह ताले लगाकर गई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान में घुसकर संदूक से 15 हजार रुपए की नकदी, एक सोने की तबीजी और 8 तोले चांदी की पाजेब चोरी कर ले गए।

---

अंधविश्वास व झाड़ फूंक के चक्कर में जादू का गलत उपयोग समाज के लिए घातक

# जादू एक कला है, इसका सदुपयोग कर समाज को बहुत कुछ दिया जा सकता है : सम्राट शंकर

### कामयाबी के लिए युवाओं को शॉर्टकट नहीं अपनाना चाहिए

रण सिंह माचरा ▸▸| भट्टूकलां

कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, आगे बढ़ने का लक्ष्य और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करता है तो सफलता हमेशा उसके कदम चूमती है।

यह बात विख्यात जादूगर सम्राट शंकर ने जादूगरी में 50 वर्ष पूरे होने की खुशी में भट्टू मंडी के एक पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कामयाबी के लिए युवाओं को शॉर्टकट नहीं अपनाना चाहिए क्योंकि इससे सफलता मिलने की बजाय युवा संकट में घिर सकता है। 50 वर्षों के अपने जादूगरी सफर का खुलासा करते हुए जादूगर सम्राट शंकर ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन जादू की कला को जिंदा रखने में लगा दिया है। सम्राट शंकर का कहना है कि जिन बेटी बचाओ अभियान, नशा रोको अभियान दूसरी मुहिमों पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है वहीं मुहिम वे अपने जादू के शो के दौरान बिना किसी पैसे के चलाए हुए हैं।

#### जादू कला दुरुपयोग नहीं होना चाहिए

जादू एक कला है तथा इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जादू कि कला को कुछ लोग दुरुपयोग कर लोगों को अंधविश्वास व भ्रम में डालकर झाड़ फूंक का जादू दिखा कर समाज को भ्रमित कर रहे हैं जोकि बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा कि एक महान कलाओं में से जादू की कला है जो कि आज लुप्त होती जा रही है। हम केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि इसे ललितकला के पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए और युवाओं को इसके प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी देना चाहिए ताकि वह भविष्य में समाज को अंधविश्वास, झाड़फूंक, पाखंड आदि से लोगों को जागरुक कर उन्हें बचाने का काम करें और लुप्त हो रही इस कला को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक जमाने में सब कुछ आधुनिक हो रहा है। छोटे से बड़े तक हर कोई आज मोबाइल में व्यस्त है, इसका कहीं न कहीं असर जादूगरी के पेशे से जुड़े लोगों पर भी पड़ा है और आज जादू से जुड़े लोगो की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।



**भट्टूकलां।** अपनी कला दिखाते जादूगर शंकर सम्राट।

#### अपनी शादी में दुल्हन को मंडप से कर दिया था गायब

जादूगर शंकर सम्राट ने कहा कि वह अनेक राष्ट्रीय स्तर की जादुई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और विश्व में अनेक सामाजिक संस्थाओं से सम्मानित भी किया जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वह अब तक 30 हजार मैजिक शो किए हैं जिनमें 24 हजार चैरिटी शो के लिए दिए हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष, जिला रेड क्रॉस सोसायटी, बाढ़ व अकाल पीड़ितों, अपंग व समाज के सभी कमजोर वर्ग एवं गुजरात भूकंप आपदा, सुनामी, कारगिल युद्ध के कल्याण कोष के लिए भी शो कर चुके हैं। जादू शो के एक अविस्मरणीय किस्से के बारे में उन्होंने बताया कि अपनी शादी के दौरान दुल्हन को मंडप से गायब कर दिया था, जबकि पंडित जी दुल्हन को बार-बार मंडप के लिए लाने को कहते रहे जिस पर सभी पारिवारिक सदस्य हैरान रह गए।

---

### बरसीन के दो युवकों व उनके एक साथी पर हत्या का केस दर्ज

# रतिया में रंजिश के चलते युवक की तेजधार हथियार से गला काटकर हत्या

युवक का सुनसान इलाके में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया/फतेहाबाद



**रतिया।** गांव रत्ताखेड़ा में मर्डर केस में जांच पड़ताल करते पुलिस कर्मचारी।

रतिया क्षेत्र के साथ लगते गांव रत्ताखेड़ा में आज तड़के पुरानी रंजिश के चलते एक युवक का बेरहमी से तेजधार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। युवक का शव गांव के रजबाहा के पास सुनसान जगह पर पड़ा मिला। सूचना पाकर रतिया एसएचओ जय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फतेहाबाद के गांव बरसीन निवासी सूरज, उसके भाई सचिन व एक अन्य के खिलाफ हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। घटना में पता चला है कि आरोपी सूरज मृतक युवक के चाचा का ही बेटा है। मृतक के चाचा की काफी साल पहले मौत होने के चलते चाची की शादी बरसीन में कर दी गई और बताया जा रहा है कि उनमें पुरानी रंजिश चली आ रही थी। मिली जानकारी के अनुसार गांव रत्ताखेड़ा से तामसपुरा की तरफ जाने वाले रजबाहा के पास शमशेर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र आकाश की कापों से गले पर वार कर हत्या कर दी गई। कापे के वार से गर्दन आधी कट चुकी है। रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे गांव के ही लोगों ने रजबाहा नहर पुल के पास मृतक के शव को लहुलुहान हालत में पड़ा देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक के शव के पास कापा भी पड़ा था और गला बुरी तरह काटा हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में गांव रत्ताखेड़ा निवासी शमशेर सिंह ने कहा है कि उसका 24 वर्षीय लड़का आकाशदीप बीए फाइनल में केटी कॉलेज रतिया में पढ़ता था। रविवार सुबह करीब 7 बजे आकाशदीप पशुओं को पानी पिलाने के लिए गांव में बनी छोटी नहर पर गया था और काफी समय तक वह वापस घर नहीं लौटा। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह आकाशदीप को देखने के लिए छोटी नहर की तरफ गया तो छोटी नहर व शमशान घाट के बीच में गांव के काफी लोग इकट्ठे हो रहे थे। जब वह मौके पर गया तो देखा कि वहां पर आकाशदीप मृत अवस्था में पड़ा था। आकाशदीप का शव खून से लथपथ था और उसके सिर, गर्दन व दोनों हाथों पर तेजधार हथियारों से हमला किया गया था। उसने आरोप लगाया कि गांव बरसीन निवासी सूरज कुमार व सचिन ने अपने एक साथी के साथ मिलकर आकाशदीप की हत्या की है। उक्त लोग शाम से ही उसके गांव में घुम रहे थे।

#### मामले की जांच जारी

शमशेर सिंह ने कहा कि सुरज व सचिन के साथ उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते इन लोगों ने आकाशदीप पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या की है। रतिया थाना थाना जय सिंह ने बताया है कि मामला रतिया क्षेत्र से लगते गांव रत्ताखेड़ा का है। रत्ताखेड़ा से तामसपुरा की तरफ जाने वाले रजबाहा के पास शमशेर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र आकाश की लाश मिली है। उस पर तेजधार हथियार (कापे) से वार किया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

---

## दिव्यांग मतदाता बैलेट पेपर द्वारा घर से ही कर सकेंगे मतदान : एआरओ



**फतेहाबाद।** टोहाना में बैलेट पेपर से चुनाव कराने का प्रशिक्षण देते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

टोहाना के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वगार्ें की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को लघु सचिवालय में लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान कराने के लिए सम्बंधित चुनाव अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए पांच टीमें बनाई गई है जो 13 मई को सुबह 9 से 5 बजे तक घर घर जाकर मतदान करवाएंगे। बीएलओ द्वारा घर से मतदान करने के ऐसे इच्छुक मतदाताओं की तैयार की गई सूची अनुसार वार्ड वाइज मतदान करवाया जाएगा। पूरी चुनाव प्रक्त्रिया की विडियोग्राफी भी कारवाई जायगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार होनी चाहिए।

### सिटी स्कूल भिरडाना का आर्यन जिले में रहा टॉपर

फतेहाबाद। बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिरडाना के छात्र आर्य ने दसवीं कक्षा में 496 अंक लेकर जिले भर में टॉप पर रहा है। भूथनकलां निवासी आर्यन की इस उपलब्धि पर ग्रामीण और शिक्षकों की ओर से बधाई मिल रही है। जानकारी देते हुए सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सतीश बिश्नोई ने बताया कि आर्यन ने शुरू से ही मोबाइल और मोटरसाइकिल से दूरी बनाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करता आ रहा है। इसके अलावा उनके स्कूल का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह बहुत बढ़िया रहा है।

---

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस जवानों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक के नर्दिेशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज डबवाली में रविवार को पुलिस के जवानों को लोकसभा चुनाव के दौरान भय मुक्त और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल ने जवानों को चुनाव के दौरान अपराधियों में भय और आम जन में वश्विास कायम हो, वहीं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान उपद्रवियों पर विशेष नजर रखी जाए। जहां भी शांतिभंग होने की शिकायत मिले तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। वोटिंग को लेकर जवानों की सक्रियता पूरी तरह बनी रहे। चुनाव में वघ्नि डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनश्चिति हो। कहीं भी नर्विाचन आयोग के नर्दिेशों की अवहेलना नजर आए तो संबंधित अधिकारी व नर्विाचन कंट्रोल रूम में सूचित करें। पुलिस उप अधीक्षक ने पुलिस मोबाइल, एफएसटी, एसएसटी और बूथ पर लगे पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में बताया। साथ ही नर्विाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा नर्दिेश से अवगत करवाया।



**सिरसा।** पुलिस जवानों को शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशिक्षण देते पुलिस उप अधीक्षक।

---

## यूथ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

चौहान नगर क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को खेलों से जोड़ रही संस्था यूथ ट्रस्ट की नईं कार्यारिणी का गठन किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक भारत नाहर ने बताया कि सदस्यों की बैठक में संस्था के सक्रिय सदस्य भीम नाहर को सर्वसम्मति से प्रधान बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में उप प्रधान रजत मेहता, महासचिव दीपक कुमार, सचिव हरप्रीत, सलाहकार अमनदीप, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार व सौरभ मेहता, सोशल मीडिया प्रभारी शुभम कुमार को नियुक्त किया गया है। भारत नाहर ने कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही नशा विरोधी मुहिम लगातार जारी रहेगी। संस्था से जुड़े सदस्य चौहान नगर क्षेत्र में सक्रियता से अपनी जम्मिेदारी निभाते हुए युवाओं को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं। फुटबॉल अकादमी भी स्थापित की गई है जिसके साथ युवाओं को जोड़ा जा रहा है। नशा बेचने वालों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है और पुलिस के सहयोग से उनकी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में संस्था सदस्य अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं, रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक कार्यों के साथ भी जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान भीम नाहर ने कहा कि वे अपनी जम्मिेदारी को ईमानदारी व नष्ठिा से निभाने का प्रयास करेंगे व आगामी वर्ष में सामाजिक गतिविधियों को ओर बढ़ाया जाएगा।



**डबवाली।** क्लब की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में तरसेम सिंह बलजोत, सोनू मेहरा, सिकंदर ललका, मंगजीत लालका, राजिंदर(निका), अवि, दविंदर बलजोत, हैप्पी जोइया, सोनू मल,अर्जन अठवाल, हरप्रीत हनी,साहिल कुमार, रेशम मल, आकाश ललका,जस, राजप्रीत चहल, गौरव व अन्य मौजूद रहे।

---

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा कर यूथ वीरांगनाओं ने मनाया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चत्तरगढ़पट्टी क्षेत्र में स्थित वृद्धाश्रम में रविवार को बुजुर्गों की सेवा कर मदर्स डे मनाया गया। संस्था पदाधिकारी सुरभि भारती, सुजाता, मनदीप, रेखा, नीलम, प्रीति व सुमन आज सुबह चत्तरगढ़पट्टी क्षेत्र में स्थित वृद्धाश्रम में पहुंची, जहां वृद्धों संग समय व्यतीत किया। उक्त पदाधिकारियों ने कहा कि मां की अहमियत को समझाना है। मां के प्यार और त्याग को बचपन से यदि समझाया जाए तो बच्चे उसे समझते हैं और मां की भावना से जुडक़र जीवन में बेहतर करने का प्रयास कर सकते है।

केवल इसी दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन हमें अपनी मां का शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिसने हमें हमारा अस्तत्वि प्रदान किया। इस दौरान केक काटकर मदर्स डे मनाया गया। वृद्धाश्रम में उपस्थित महिलाओं के साथ एंजॉय किया व विभन्नि गेम्स खेली गई।



**सिरसा।** वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा कर मदर्स डे मनाते यूथ वीरांगनाएं।

---

### लोकतंत्र की मजबूती के लिये मत का प्रयोग जरूरी : उपायुक्त

## वॉकथॉन से किया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला में स्वीप अभियान के तहत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच एमएम कॉलेज फतेहाबाद से पपीहा पार्क तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वॉकथॉन में खिलाड़ी, सामाजिक-धार्मिक संगठनों और आम नागरिकों ने पैदल चलते हुए मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह ने वॉकथॉन का नेतृत्व किया और मतदान के लिए नागरिकों को प्रेरित किया। दूसरी ओर युवाओं को नशे से दूर रहने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में मत के प्रयोग करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस टीम के बीच स्थानीय पुलिस लाइन में क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने स्वयं जिला प्रशासन की टीम का नेतृत्व किया और पुलिस टीम के साथ दोस्ताना क्रिकेट मैच के जरिए युवाओं को संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल नरवाल ने युवाओं से कहा कि वे नशे जैसी प्रवृति से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करें। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महती भूमिका है। लोकतंत्र में मत का प्रयोग अपना महत्व रखता है। उपायुक्त ने कहा कि युवा अपनी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी समझे और नशे आदि से दूर रहकर खेलों में अपनी ऊर्जा लगाये।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज से वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना करते एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी।





## विभिन्न नामों से जाना जाता है पलाश

पलाश पुष्पों का रंग लौ जैसा होने के कारण ही साहित्यकारों ने इसे 'फ्लेग ऑफ फारेस्ट' नाम दिया होगा। पलाश को ही टेसू या ढाक कहा जाता है। किशुंक, रक्त पुष्पक, पर्ण, यज्ञिय, बह्म वृक्ष, छौला, क्षार श्रेष्ठ आदि इसके अन्य नाम हैं। पलाश को हरियाणवी में ढाक, पंजाबी में पालक चचड़ा, गुजराती में खाखरो, मराठी में पलास, बंगाली में पलाश गांछ, कन्नड़ में मुतुगा, तेलगु में मोटुग या मादूक, चेट्, तमिल में परशन, उड़ीसा ;उड़यिाद्ध में पोरासु, किंजुकों,लैटिन में व्यूटिया पार्किफ्रलोराआदि नामों से पुकारा जाता है।

# प्रदेश में विलुप्त होने के कगार पर पलाश

हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है।

**कुदरत** | **डॉ. ओमप्रकाश कादयान**



कभी सात-सात नदियों के जल से सींची जाने वाली हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है। जब सेमल खिल कर, अपने लाल-नारंगी पुष्पों की आभा लुटाकर, अपने एक-एक करके सभी फूल झाड़ चुके होते हैं तब बारी आती है 'बसन्त' के प्रिय पुष्प 'पलाश' के खिलने की। बसन्त का स्नेह-स्पर्श पाकर जब पलाश अपनी अद्वितीय, मनोहारी आभा लुटाता है तो दूर तक पता चल जाता है कि पलाश दहकने - मुस्कराने लगा है।

फरवरी-मार्च में जब पलाश के सारे पत्ते झड़ जाते हैं तो पेड़ नग्न हो जाता है। फिर समस्त टहनियों से काली-काली डोडियां निकलती हैं, फूल खिलने की तैयारी शुरू हो जाती है। कुछ ही दिन में देखते-देखते समस्त वृक्ष रक्तवर्णी कुसुमों में लद जाता है। हरियाणा में मार्च के अन्त व अप्रैल में पलाश के जंगलों का दृश्य देखते ही बनता था। दूर से देखने पर ऐसा लगता था मानो सूखे पेड़ों के जंगल में भंयकर आग लगी हो, किन्तु यह आग जलाने वाली नहीं, बल्कि सौन्दर्य लुटाने वाली होती थी। ढाक के वृक्ष के बीच अंकुरित होकर उसे फलने-फूलने के लिये जिस मिट्टी, भौगोलिक स्थिति व वातावरण की आवश्यकता होती है।

हरियाणा की जमी उसके अनुकूल रही है। ये बात अलग है कि यहां के कई भू भागों की भोगौलिक स्थिति में थोड़ा बहुत अन्तर रहा है, उसके बावजूद हरियाणा के करीब हर हिस्से में ढाक यानी पलाश के वृक्ष देखने को मिल जाया करते थे। गंगा के कई पठारों, पलामू के जंगलों या बेतवा नदी के किनारे बसे ओरछा के जंगलों की तरह हरियाणा में भी पलाश दहका करते थे। आबादी बढ़ती गई, जंगलों की जगह नये-नये गांव बसते गये, गांवों से कस्बे, कस्बों से शहर बनते गये। शहरों ने अपने पैर इतनी लम्बी दूरी तक पैफलाये कि जंगलों को फलने-फूलने की जगह ही नहीं छोड़ी। जंगल कटकर खेत बनते गये, खेत बस्तियों में बदलते गये। परिणामस्वरूप हरियाणा से जंगलों का सपफाया हो गया। पलास भी कटते गये, घटते गये। इसके



बावजूद भी कुछ दशक पूर्व तक हरियाणा के विभिन्न भागों में, खेतों में, खेतों के किनारों पर, जोहड़ों के किनारों, बणियों में, गितवाड़ों में काफी संख्या में पलाश देखने को मिल जाया करते थे। किन्तु एक तो वातावरण में आये बदलाव के कारण पलाश के पेड़ अधउम्र में ही सूख गये, कुछ इस वृक्ष के प्रति हमारी घटती रुचि के कारण इनकी संख्या गिनी-चुनी ही रह गई है। पुराने पेड़ या तो सूख रहे हैं, या लकड़ी की पूर्ति के लिए हरे को ही काट लिया जाता हैं, नए पेड़ लगाए नहीं जा रहे हैं।

### सैकड़ों पेड़ हटा दिए

हमारे देखते-देखते पिछले 15-20 वर्षों में सैकड़ों वृक्ष अपनी जमीन से हटा दिए गए। पहले झज्जर, रोहतक, सोनीपत, भिवानी, हिसार, सिरसा, महेन्द्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, कुरूक्षेत्रा, यमुनानगर, जीन्द के इलाकों में पलाश के वृक्ष खूब नजर आते थे। दुःख की बात है कि अब जो भी थोड़े बहुत पलाश बचे हैं वो भी तेज गति से खत्म हो रहे हैं। गत 5-6 वर्षों में रोहतक के आसपास सोनीपत रोड तथा चण्डीगढ़ रोड़ के बीच 25-30 वृक्ष खत्म हो चुके हैं। अब यहां केवल तीन-चार पलाश ही बचे हैं। झज्जर से बादली रोड पर भी अब पलाश नजर नहीं आते। बेरी की थलियों में एक बहुत भारी भरकम पलाश दो-तीन वर्ष पहले नजर आना बन्द हो गया। हिसार शहर के अन्दर ही दो-तीन साल में कई पेड़ काट दिए गए। मात्रा दो-तीन पेड़ कृषि विश्वविद्यालय के अन्दर तथा दो-तीन बाहर की आबादी में शेष हैं। पिहोवा-कुरुक्षेत्र रोड, कुरुक्षेत्र-यमुनानगर रोड, करनाल-चण्डीगढ़ रोड़ पर कुछ पलाश बचे हैं। पंचकूला से मोरनी रोड़ तथा मोरनी की पहाड़ियों पर अन्य कुछ जगहों पर कुछ पलाश बाकी हैं जो मार्च-अप्रैल में अपनी आब लुटाते हैं।

कालका क्षेत्र की कुछ पहाड़ियों पर आपको पलाश दहकते दिखाई दे सकते हैं। कालका-शिमला रेलमार्ग पर कालका स्टेशन से कुछ किलोमीटर दूर तक कुछ पलाश बचे हुए हैं। महम-भिवानी रोड पर भी अब कोई पलाश नहीं बचा है। इस रोड के अन्दर के किसी गांव में दो-तीन पेड़ शेष हैं। जिनमें से एक बहुत बड़ा वृक्ष भी बचा है। यमुनानगर में यमुना के किनारे या कुछ शिवालिक पहाड़ी इलाकों में भी एकाध ही पलाश देखने को मिलता है। हां हथनी कुण्ड के आस-पास पहाड़ी इलाकों में धेला ढाक के कुछ जंगल अवश्य बचे हुए हैं। जो अप्रैल माह में लोगों का ध्यान अनायास ही अपने सौन्दर्य से आकर्षित कर लेते हैं। यह दुःख की बात है कि अगर हम पलाश के वृक्षों के प्रति गंभीर नहीं हुये तो कुछ ही वर्षों में हरियाणा से पलाश का नामोनिशान मिट जायेगा। एक बहुउपयोगी व सुन्दर पुष्प वृक्ष को हम जड़ मूल से गवां बैठेंगे। अगर हरियाणा की जमीन पर हमने इस वृक्ष को बचाना है तो इसके प्रति हमें चिंतित होना पड़ेगा।

### बचाव में आगे आना होगा

हरियाणा के कृषि वैज्ञानिकों को इसके बचाव में आगे आना होगा तथा सरकारी तौर पर भी विशेष कदम उठाने होंगे। किसानों को इसकी उपयोगिता की जानकारी देकर पलाश (ढ़ाक) के प्रति रुचि जगानी होगी। सरकारी नर्सरियों में इसकी पौध तैयार करके किसानों को या आम लोगों को मुफ्त उपलब्ध करवानी होगी तथा सरकारी प्रयासों से या आदेशों से शिक्षण संस्थाओं या अन्य सरकारी संस्थाओं, पार्कों में, सड़कों के दोनों ओर रोपाई करवानी होगी। शहर के पार्कों तक में इसे पहुंचाना चाहिए तभी इस वृक्ष का अस्तित्व बच सकता है।

**खान-पान** | **राज कुमार नरवाल**

**पलायन**
गले को तर करने वाली चीजें पलायन कर गई

**फायदेमंद**
शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी सेहत के लिए फायदेमंद



## कहां खो गई गोजी राबड़ी व लापसी

आजकल गांव में किसी बच्चे को राबड़ी, गोजी व लापसी लाने को कह दें तो वह आपका मुंह ताकने लगेगा, क्योंकि गर्मी में गले को तर करने वाली ये चीजें गांवों से मानो पलायन कर गई हैं। हर कोई शीतल पेय के पीछे दौड़ रहा है। नई पीढ़ी को ये सब बनाना भी नहीं आता, जबकि सच्चाई यह है कि दिमाग को ठंडा रखने वाले ये व्यंजन बाजारू पेय पदार्थों से सस्ते तो पड़ते ही हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। गर्मी के मौसम में यदि सुबह राबड़ी, गोजी व लापसी का प्रयोग किया जाए तो दिनभर व्यक्ति तृप्त रहता है और भूख व प्यास भी कम लगती है। लेकिन नई पीढ़ी की औरतों को राबड़ी, गोजी व लापसी के महत्त्व का ही नहीं पता। यदि घर में किसी बुजुर्ग का मन राबड़ी पीने को कर जाए तो मुश्किल से ही कोई ऐसा घर होगा, कि उस घर की औरत उसकी इस इच्छा को पूरी कर सके। हां बुजुर्ग को यह शब्द सुनने को जरूर मिल सकता है, इब कोण पीवै सै राबड़ी, उसनै कोनी बणाणी आंदी राबड़ी-रुबड़ी। घर में सारी चीजों की मौज सै, के जरूरत सै इन चीजां की, ये तो गरीब आदमी पीया करदे, लेकिन ऐसा कहने वाली औरतों को यह भ्रम ही है। क्योंकि उनको इनके स्वाद का ही पता नहीं है। आज के युवा वर्ग पर जंक फूड व कोल्ड ड्रिंक इस कदर हावी हो गए हैं कि जब देखो उनके हाथ में ये चीजें मिलती हैं। इन पेय व खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव का शायद इनको पता नहीं है। ये चीजें उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती हैं और धन की भी बर्बादी होती है। जबकि हरियाणवीं व्यंजन शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं। राबड़ी बनाने से पहले आवश्यकतानुसार चना, बाजारा या मोठ का आटा ले लें। इसके बाद इसे लस्सी में मिलाकर धूप में रख ददिश जाता था। दो घंटे बाद यह मिश्रण खट्टा हो जाता। उसके बाद लस्सी के बराबर मात्रा में पानी मिलाकर चूल्हे पर उबाला जाता। उसके बाद लस्सी व आटे के मिश्रण को इसमें मिला देते थे। स्वादानुसार इसमें नमक डालकर और इसे चूल्हे से उतार देते थे। उसके बाद राबड़ी तैयार हो जाएगी। इसके बाद इस मिश्रण को सुबह ताजी लस्सी में मिलाकर पीएं।

**लघुकथा** | **रजनी जैन एडवोकेट**



## माँ जैसा कोई नहीं

माँ और भगवान का दर्जा एक समान फर्क सिर्फ इतना माँ दृश्यमान.. माँ का प्यार है बड़ा अनोखा, कभी डांटती है.. हमें तो खुद ही सीने से लगाकर रोने लग जाती है.. ऐसी होती है माँ.. खुद गीले में सो कर शिशु को सूखे में सुलाती है माँ.. जीवन का पहला पाठ सिखाती है माँ..बच्चों के सुख दुख को अपना सुख दुख बना लेती है माँ.. घर में रोटी कम हो मुझे भूख नहीं है.. यह कहकर भूखी सो जाती है माँ.. जीवन की हर तपती धूप में, हमें आँचल में छुपा लेती है माँ.. दुनिया में सबसे नरम है माँ की गोद.. लेटे-लेटे कब नींद का आ जाना.. पता ही नहीं चलता, ऐसी होती है माँ.. आदर्श से भारी गागर है माँ..संतान का पूरा संसार है माँ.. दिल की धड़कन है माँ.. बच्चों की संस्कार है माँ.. जीवन की सुगंध है माँ.. अपने बच्चों की सुरक्षा कवच माँ..बच्चों के मन मंदिर में पूजा योग्य भगवान है माँ.. यह कविता मैं हर माँ को समर्पित करती हूँ।

**कविता** | **दिनेश दिनकर**



## उसकी खिड़की की ओर

चाँद ढलते ही,
सूरज चढ़ते ही,
बारिश को चीरकर
धूप को खींचकर,
हवा में तैरकर,
दुनिया की फ़िक्र को धुआँ कर,
कभी नए सपने सजाने के लिए,
तो कभी पुरानों को दोहराने के लिए,
मैं हर क्षण उसके दीदार के लिए,
उसके इकरार के लिए,
उसकी ओर
उसकी खिड़की की ओर,
बस ! देखता ही रहता हूँ
कि वो मेरी हो जाए
अनन्त काल के लिए.....

**लघुकथा** | **मोनिका राज**



## खोखले वादे

विनय जी अभी घर से बाहर निकले ही थे कि सामने से जा रही कार कीचड़ उछलते हुए तेज़ी से उनके सामने से गुज़र गई। विनय जी गुस्से से भुनभुनाते हुए अपने कपड़े साफ करने लगे तभी उनके वार्ड के पार्षद सामने से आते हुए दिखे। विनय जी उनके सामने आए और शिकायती लहज़े में कहा, 'देख रहे हैं पार्षद जी, सड़क की स्थिति। पिछले साल से ही स्थिति खराब है। आपने चुनाव से पहले वादा किया था कि अगर आप जीते तो सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाएंगे पर एक साल बीतने को है पर आपने अब तक कुछ नहीं किया। पार्षद ने पान की पीक फेंकते हुए बड़ी ढिठाई के साथ कहा, 'क्या विनय जी, आप भी पुरानी बातों को लेकर बैठे हैं। हमने बात तो की ही थी चैयरमैन साहब से। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि अगले चुनाव के बाद ज़रूर सड़क की मरम्मत की बात की जाएगी। तब तक आप भी थोड़ा एडजस्ट कीजिए। एक-आध महीने की तो बात है, फिर बारिश भी ख़त्म हो जाएगी और साथ ही कीचड़ की समस्या भी।' कहते हुएआगे बढ़ गए। पार्षद की बात सुन विनय ठगे से रह गए। चुनावी खोखले वादों का सच उनके सामने आ चुका था।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

**किसान** | **मोटा मुनाफा कमाने का बताया फार्मूला**



# फूलों की खेती से मालामाल हुआ जांडलीकलां का किसान

**मुनाफा**
परंपरागत खेती से फूलों में दोगुना मुनाफा

**उपजाऊ**
फूलों की खेती से जमीन की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ती है

**उपजाऊ**
डेकोरेशन में रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड

**बातचीत** | **दलबीर सिंह भूना**

फूलों की खेती वर्तमान दौर में किसानों के लिए फायदे का सौदा है। बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा साज-सज्जा के कामों में भी फूलों का उपयोग होता है। आए दिन होने वाले बड़े आयोजनों में फूलों से की जाने वाली डेकोरेशन में आकर्षक रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड होती है। अब लोकसभा चुनाव के किसानों को कारण अच्छी कमाई की उम्मीद है। संभावनाओं को पहचानते हुए जांडलीकला गांव के एक किसान बाप-बेटे ने मिलकर फूलों की खेती में कामयाबी के झंडे गाड़े हैं। किसान तीन एकड़ रेड माल्टा के बाग में विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती कर फूलों से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।



### त्योहार पर कीमत हो जाती है दोगुनी

जांडलीकला गांव में फूलों की खेती कर रहे किसान सतपाल भैरो व उसके बेटे रविंद्र भैरो के फूलों की महक जिला फतेहाबाद में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में महक रही है। किसान सतपाल सिंह भैरो पिछले कई महिनों से फूलों की खेती कर रहे हैं। जिसमें गेंदा व गुलदावदी के फूलों की खेती कर रहे है। एक एकड़ में 10 से 20 हजार रुपये की लागत लग जाती है। लागत निकाल कर करीब एक लाख रुपये बच जाता है। मंडी काफी दूरी होने के कारण किसान फूल लगाने में रुचि नहीं लेते हैं। अगर फूल मंडी और कोल्ड स्टोरेज बन जाएगा तो किसान फूल की खेती कर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### अनपढ़ किसान ने खेती के बदल दिए मायने

किसान सतपाल सिंह भैरो की पिछले कई वर्षों से परंपरागत खेती में ही दिलचस्पी थी। लेकिन फसल में लागत से ज्यादा खर्च हो रहा था। किसान ने करीब 3 वर्ष पहले रेड माल्टा का उपरोक्त जमीन में भाग लगा दिया और सह खेती का उत्पादन लेकर आर्थिक रूप से संपन्न होने लगा। रेड माल्टा बाग में नेमाटोड़ बीमारी से बचने के लिए सह फूलों की खेती की तरफ किसान ने रुझान बढ़ाया। जिससे किसान सतपाल भैरो ने सह खेती के रूप में फूलों से लाखों रुपये प्रति एकड़ कमाए। इसलिए किसान ने अब फूलों की खेती में आमदनी बढ़ाने पर 12वीं पास अपने बेटे रविंद्र भैरो को भी सहयोग के लिए साथ लगा लिया है। फूलों से होने वाली आमदनी का हिसाब किताब रविन्द्र भैरो के हाथों में है और उसके पिता फूलों को तोड़ने से लेकर एजेंट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इसलिए किसान को कम खर्चे में अधिक आमदनी हो रही है।

### तो ले सकते हैं बड़ा फायदा

किसान रविन्द्र भैरो का कहना है कि खेती-किसानी में लाभ कमाने के लिए चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। फूलों की खेती के दौरान में कई प्रकार के कीट और रोगों के पनपने की संभावना भी रहती है। इसके अलावा, फूलों की तुड़ाई के बाद उनका भंडारण करना भी चुनौतपूर्ण काम है। ऐसा इसलिए क्योंकि फूलों की उपज को बाजार और मंडियों तक की जिम्मेदारी किसान की होती है। इसलिए फूलों का सही प्रकार से भंडारण करना जरूरी है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर आप भी फूलों की खेती करके सफल किसान बन सकते हैं। मंडी हिसार व पंचकूला तथा गुरुग्राम में होने के कारण किसान को फूल बेचने में थोड़ी परेशानी जरूर होती है। मगर परंपरागत खेती से दोगुना मुनाफा है।

# नई पीढ़ी को रंगमंच में पारंगत बना रहे रमेश भनवाला

◆ किसान परिवार में जन्म लेकर रंगमंच पर बनाई अलग पहचान ◆ नाटकों के जरिये सामाजिक बुराइयों पर चोट ◆ माता-पिता और पूरे परिवार का मिला सहयोग

**कलाकार** | **शशि कांत चौहान**

देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके रमेश भनवाला अब बच्चों को रंगमंच की कला में पारंगत बना कर थियेटर को नई दिशा दे रहे हैं। इसके लिए वे जगह-जगह कार्यशालाओं में जाते हैं और वहां पर बच्चों को अभिनय की बारीकियां समझाते हैं जिससे वे अपने क्षेत्र में विलक्षण प्रदर्शन कर सकें। इसी कड़ी में हाल में में वे संस्कार रंग टोली के जरिये गुवाहाटी में एक वर्कशॉप करके लौटे हैं।

रंगमंच का नाम आते ही सांग, नाटक, नौटंकी, रामलीला, नुक्कड़ नाटक व महिलाओं द्वारा गाए गए लोक गीत आंखों के सामने दृश्य बन घूमने लगते हैं। जींद जिले के गांव सिवाहा में साधारण किसान परिवार में जन्मे रमेश भनवाला ने नौवी कक्षा में स्कूल स्तर से रगमंच की शुरूआत की थी। जिसमें पहला नाटक गांधी तेरे देश में एक व्यंग्यात्मक नाटक किया। पिता एमए दयानंद और माता मूर्ति देवी दोनों भले ही पढ़े लिखे न हों, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के सपनों को परवाज दी और पूरा सहयोग दिया येउसी का परिणाम है कि आज रमेश भनवाला रंगमंच की दुनिया में जाना-माना नाम है।

हिंदी, एमए थियेटर एवं टेलीविजन पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली की संस्कार रंग टोली टीआईई कंपनी में ग्रीष्मकालीन चिल्ड्रन थियेटर वर्कशॉप में एक्सपर्ट के तौर पर काम किया, तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बीएड की। रमेश भनवाला ने बताया कि घर में रगमंच का माहौल नहीं था। हरियाणा में साक्षरता अभियान





में नुक्कड़ नाटक करने का मौका मिला। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति में बहुत से नाटको में काम किया। रमेश बताते हैं कि उनके गुरु मंगतराम शास्त्री ने मउन्हें तराशा। अभिनय की दृष्टि से और विचार की दृष्टि से, 2016 से लगातार जीन्द में नवरस राष्ट्रीय नाट्य उत्सव लगातार करवा रहे है। रंगमंच के प्रति उनके समर्पण के कारण ही शहर के अन्दर रंगमंच का माहौल बन रहा है।

उन्होंने दर्शक अच्छी व सच्ची सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ व सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाली संस्कृति में फर्क करने में एक सोच विकसित की है। इस रंगमंच की विरासत को लगातार आगे ले जा रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने पलट कर नहीं देखा ओर रंगमंच की बुलंदियों को लगातार छूते चले गए।आज हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जिसके बारे में नई पीढ़ी को लुप्त हो रही रंगमंचीय विरासत के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, जबकि ग्रामीण आंचल में ये मनोरंजन के साथ संदेश तथा जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण माध्यम था। पुरानी पद्धति भंडेला, भांड, भोपा, बहरूपिये जैसे अनेक किरदार सांस्कृतिक विरासत रंगमंच का हिस्सा रहे हैं।

### जागरूकता का संदेश भी देता है रंगमंच

उन्होंने कहा कि रंगमंच आय का साधन नहीं बल्कि अपनी कला को बाहर निकाल ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात रखना तथा लोगों को जागरूक करना भी है। रंगकर्मी रमेश भनवाला ने बताया कि आज के दौर में युवा भटकाव की तरफ है। मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता परोसी जाती है। रंगमच मनोरंजन तो करवाता है साथ में जागरूक करते हुए संदेश भी देता है। रंगमंच में योगदान को देखते हुए रंगकर्मी रमेश भनवाला सामाजिक स्तर से लेकर स्टेट लेवल तक काफी बार सम्मानित किया जा चुका है।

### सांस्कृतिक विरासत को बढ़ा रहे आगे

समय के साथ हुए बदलाव में सांस्कृतिक धरोहर रगमंच तक जा पहुंची। उसी सांस्कृतिक विरासत को धरोहर के रूप में आगे ले जाने के सफल प्रयास रंगकर्मी रमेश भनवाला कर रहे हैं। बात रंगमच की हो या हरियाणवी सिनेमा या हिंदी सिनेमा के पर्दे पर, अपनी अनूठी छाप छोड़ रहा है। खास बात यह है कि रमेश भनवाला से रंगमच के गुर सीख कर उनके मार्गदर्शन में युवा हरियाणवी, बॉलीवुड फिल्मों में काम कर रहे हैं।

### 25 नाटकों का सफल निर्देशन

रमेश भनवाला अब तक 25 नाटकों का सफल निर्देशन के साथ 19 नाटकों में अभिनय कर चुके हैं। नाटक व नुक्कड़ नाटकों के पौने तीन सौ से ज्यादा शो कर चुके हैं। उनके निर्देशन में किए गए नाटक सामाजिक मुद्दों पर आधारित होते हैं। बोली, वेशभूषा मंचन का तरीका सीधा व साधारण होता है। नाटकों में सामाजिक, संदेश छिपा होता है। रमेश भनवाला अब तक की सात वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। जिसमें अखाड़ा ने खूब धूम मचाई। 12वीं आल्या प्यार लोगों की जेहन में जिंदा है। अखाड़ा टू, अग्निवीर, कांड 2010, काला कौन है, ढाई दिन अभी लॉचिंग पर है। वेब सीरीज में किए काम की रमेश भनवाला के काम की खूब तारीफ हो रही है।

**खबर संक्षेप**

## मतदान के दिन 25 को रहेगा पेड होली-डे

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में शनिवार 25 मई को करवाए जाने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली-डे रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों आदि में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें। उन्होंने बताया कि मतदान सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक किया जाएगा।

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने ऑटो मार्केट हिसार स्थित ट्रेडिंग ऑफिस से एलईडी टीवी, इन्वर्टर, बैटरी और नकदी चोरी के मामले में नारनौंद निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी पड़ाव में श्याम बाग मिलगेट निवासी रविंद्र ने उसके ऑटो मार्केट ट्रेडिंग ऑफिस से एलईडी टीवी, इन्वर्टर बैटरी आदि चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि उसने ऑटो मार्केट में ट्रेडिंग ऑफिस कर रखा है।



## श्याम मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सैंकड़ों की सख्यां मे श्याम भक्तों ने शहर में भव्य पीताम्बरी निशान यात्रा निकाली। श्याम बाबा का भव्य औलोकिक श्रंगार थाइलेंड, बैंकॉक, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे से आए फूलों से किया गया।

### शहीदों जवानों के बच्चों के लिए जेसीडी विद्यापीठ मुफ्त में देगा शिक्षा

# कारगिल यात्रा एक सामाजिक सांस्कृतिक और सैन्य उत्सव

**डॉ. ढींडसा ने कहा कि हमें हमेशा अपने वीर सैनिकों के समर्पण का सम्मान करना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ के अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में सिरसा जिला के विभिन्नि स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर कारगिल यात्रा-2024 का उद्घाटन समारोह अमर ज्योति प्रज्वलित कर नायक दीप चंद और कारगिल युद्ध में परमवीर चक्र प्राप्त परिवार के सदस्यों एवं जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा द्वारा किया गया। इससे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परमवीर चक्र से सम्मानित कर्नल होशियार सिंह दहिया और हवलदार महावीर के परिवार सदस्य, सम्मानित धार्मिक गुरु महंत योगी शुकराई नाथ महाराज और आचार्य स्वामी ब्रह्मानंद वैदिक रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीडी के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा द्वारा की गई। डॉ. ढींडसा ने कहा कि हमें हमेशा अपने वीर सैनिकों के समर्पण का सम्मान करना चाहिए। उनकी वीरता, साहस, और पराक्रम ने हमें स्वतंत्र और सुरक्षित राष्ट्र के रूप में जीने का अवसर प्रदान किया है। हमें आदर्श के रूप में उन्हें स्मरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल एक समर्थन का प्रतीक है, बल्कि यह एक संदेश है कि हम सभी को अपने वीर सैनिकों के बलिदान को याद करना चाहिए और उनकी स्मृति को सदैव जीवंत रखना चाहिए। शहीद सेवा दल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष और इस कार्यक्रम के संयोजक सावन सिंह रोहल्लिा ने बताया कि यह यात्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों के परिवारों के मान सम्मान को लेकर निकाली जा रही है। यह यात्रा 4100 किमी और 98 दिनों की मेहनत के साथ देशभक्ति का संदेश देगी।



**सिरसा।** कारगिल यात्रा का स्वागत करते हुए डॉ. ढींडसा व अन्य।

**दीपचंद ने कारगिल युद्ध के बारे में आंखों देखी बताई**

इस अवसर पर कारगिल योद्धा नायक दीपचंद ने अपने कारगिल युद्ध के बारे में अपने आंखों देखी घटना के बारे में वस्तिार से बताया। महंत योगी शुकराई नाथ महाराज ने पाखंड, अंधवश्विास, और नशे से दूर रहने की सलाह दी। आचार्य स्वामी ब्रह्मानंद वैदिक ने अपने ज्ञान और उपदेशों के माध्यम से उपस्थितजनों को शांति और समृद्धि की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में कर्मवीर फौजी द्वारा देश भक्ति के गीत गाए गए, स्कूल के वद्यिार्थियों ने देशभक्त के कोरियोग्राफी और राजस्थानी डांस प्रस्तुत किया। मंच संचालन भारत स्काउट्स एंड गाइड सिरसा के सुखदेव ढल्लिो द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में, सभी परमवीर चक्र के परिवार सदस्यों और अतिथियों को सम्मानित किया गया, उन्हें स्मृति चन्हि प्रदान किया गया। इस अवसर पर रामकिशन खोथ, राजेंद्र कड़वासरा, महावीर बुरा, कर्म सिंह दहिया, इंद्रजीत, जगजीत सिंह, कमल अरोड़ा, हनुमान गोदारा, अमरीक सिंह राही, एल डी बलदेव सिंह, फौजदार शीशपाल, जगजीत सिंह, नीरू पुनिया आदि उपस्थित रहे।

# मदर-डे पर गर्भवती महिलाओं को बांटा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सामजिक कार्यों में अग्रणी संस्था यूथ वीरांगना संस्था द्वारा मदर-डे पर गर्भवती महिलाओं को राशन वितरित किया। इसी कड़ी के तहत यूथ वीरांगना संस्था फतेहाबाद यूनिट के सदस्यों ने अशोक नगर में रहने वाली 10 जरुरतमंद गर्भवती महिलाओं व बुजुर्ग बेसहारा महिलाओं को घर-घर जाकर पौष्टिक आहार की किट वितरित की, जिसमें दलिया, सूखे मेवे, ढालें, फल सहित अन्य जरुरी सामान था। गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक सिमरत वधवा के द्वारा गर्भवती महिलायों का विशेष चेकअप भी करवाया गया। इसका सारा खर्च यूथ वीरांगनाओं ने उठाया। संस्था की अध्यक्ष सुनीता छबड़ा ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय जरुरतमंदों की सहायता की जाती है। इस अवसर पर प्रीतिका बजाज, अंकिता मेहता, मनीषा मोंगा, रितु तनेजा, दीक्षा मेहता सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे।



**फतेहाबाद।** अशोक नगर में गर्भवती महिलाओं को राशन किट वितरित करते यूथ वीरांगना संस्था सदस्य।

## रेंडमाइजेशन के माध्यम से 104 माइक्रो ऑब्जर्वर की लगाई ड्यूटियां

- रेंडमाइजेशन का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए पोर्टल के माध्यम से किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी तथा रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह की मौजूदगी में रविवार को रेंडमाइजेशन के माध्यम से माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटियां लगाई गई। इस अवसर पर डीआईओ सिकंदर भी मौजूद रहे।

रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि सिरसा लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, नष्पिक्ष एवं पारदर्शी संपन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए पोर्टल के माध्यम से किया गया है। जिला की पांचों विधानसभा में कुल 86 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटियां लगाई गई है, जिनमें सिरसा विधानसभा क्षेत्र की 18 लोकेशन, कालांवाली विधानसभा की 8 लोकेशन, ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र की 25 लोकेशन, रानियां विधानसभा की 20 लोकेशन तथा डबवाली विधानसभा क्षेत्र की 15 लोकेशन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटियां लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इनमें नियमानुसार 20 प्रतिशत रिजर्व में भी रखे जाएंगे, इसके उपरांत कुल 104 माइक्रो आब्जर्वर ड्यूटी पर रहेंगे।

## दुकान पर काम करने वाले पर सोना व चांदी चुराने का आरोप

**फतेहाबाद।** कुलां चौक स्थित एक ज्वैलर ने उसकी दुकान पर काम करने वाले युवक पर दुकान से चांदी व सोना चोरी करने का आरोप लगाया है। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी अमनदीप ने कहा है कि उसकी कुलां चौक, भूना रोड पर ज्वैलर्स की दुकान है। उसकी दुकान पर पुराना बाजार, रतिया निवासी मोनू नामक युवक पिछले 5 सालों से काम करता था। अमनदीप ने कहा कि उसके पिता के बीमार होने के कारण उसकी दुकान को 6 महीने से मोनू ही संभाल रहा था। 6 मई को उसकी दुकान से 1 किलो चांदी व 2-3 तोला सोना अपने साथ लेकर गया था। वह दुकान को ताला लगाकर चाबी भी अपने साथ ले गया था। अमनदीप ने कहा कि मोनू ने उसके पिता को इस बारे बताया जबकि दुकान से अन्य क्या-क्या सामान लेकर गया है, वह दुकान खुलने के बाद ही पता चल सकता है। इसके बाद वह मोनू की तलाश करता रहा लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

# अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें नव मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयासरत

लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत वोट देने का अधिकार होता है। इसका उपयोग कर वह अपने लिए एक बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में हर योग्य व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। आप लोगों का एक-एक मत आपकी दिशा व दशा तय करेगा। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।



**हिसार।** वॉकथॉन प्रतियोगिता में भाग लेते जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया एवं अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने रविवार को महावीर स्टेडियम में वॉकथॉन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाते हुए यह संदेश दिया। मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्टेडियम से सुबह 6 बजे वॉकथॉन का आयोजन किया गया, वॉकथॉन में हर आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने उपस्थित जन को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। वे स्वयं भी वॉकथॉन प्रतियोगिमा में लोगों के साथ पैदल चले और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। वॉकथॉन महावीर स्टेडियम से प्रारंभ हुई व लक्ष्मीबाई चौक और फव्वारा चौक होते हुए वापिस महावीर स्टेडियम में ही संपन्न हुई। उन्होंने जिलावासियों से 25 मई को मतदान के दिन बढ़चढकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर हम अपने लिए एक बेहतर प्रतिनिधि और सरकार का चुनाव कर सकते हैं। नव मतदाता अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों द्वारा प्रेरक प्रस्तुतियां दी गई। वॉकथॉन के उपरांत उपायुक्त द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

# मां शब्द को परिभाषित नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे पर कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों की मदर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यापिका कीर्ति शर्मा व कनिका किनरा द्वारा किया गया। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने अपने स्वागत भाषण में मां की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। स्कूल मुख्य प्रशासक डॉ. श्रेया सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मां के बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मां शब्द अपने आप में संयम, सहनशीलता, त्याग सहित हजारों ऐसे गुण समेटे हुए इसीलिए मां शब्द को परिभाषित नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने संगीत तथा नृत्य के माध्यम से जीवन में मां के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मदर्स के लिए रैप वाक, थरमाकोल स्ट्रा, बैलून ट्रेन सहित अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशासक डॉ. श्रेया सिंह, प्राचार्या मारियालीन लुईस तथा उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने विजेताओं का उपहार देकर सम्मानित किया।




**फतेहाबाद।** टोहाना के सेंट जोसफ स्कूल में मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## सोशल मीडिया की निगरानी पर संबंधित टीमें रखें विशेष फोकस : जिला निर्वाचन अधिकारी

**हिसार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा है कि सोशल मीडिया की निगरानी टीमों के अधिकारी सोशल मीडिया पर विशेष फोकस रखें, सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों पर जिले में गठित टीमें लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देना सुनिश्चित करें। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी बहुत जरूरी है।

***चुनाव के दौरान मीडियाकर्मियों को निभानी चाहिए निष्पक्ष भूमिका:*** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी लोगों पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार मीडिया के सभी माध्यमों में चुनाव में एक समानता होनी चाहिए।

## नारनौंद में मुख्यमंत्री की रैली आज, एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नारनौंद अनाज मंडी परिसर में सोमवार को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने रविवार को पुलिस अधिकारियों के साथ रैली स्थल और हेलीपैड स्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था बारे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने सोमवार को नारनौंद अनाज मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर रैली स्थल व हैलीपेड स्थल का दौरा कर सुरक्षा का जायजा लेने के बाद अधिकारी व कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने हेलीलीपैड से रैली स्थल तक मुख्यमंत्री के जाने वाले रूट का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक हांसी रवीन्द्र सांगवान व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हांसी धीरज कुमार, उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद राज सिंह, प्रबन्धक थाना शहर हांसी, प्रबन्धक यातायात, प्रबन्धक सदर हांसी, प्रबन्धक थाना नारनौद, प्रबन्धक थाना बास, प्रबन्धक महिला थाना हांसी, प्रभारी सुरक्षा राजेश सांगवान, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक हांसी, सेना लिपिक, एमटीओ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# दोस्त पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सदर थाना पुलिस ने दोस्त पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सिसाय बोलान निवासी जयदीप के रूप में हुई है।

जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने सिसाय बोलान निवासी विक्की की अवैध पिस्तोल से उस वक्त गोली मारकर उसकी हत्या का प्रयास किया था जब वो विक्की के साथ ही कार में सवार हो कर गांव जा रहे थे। गांव के समीप दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था और विवाद के दौरान रमन ने उस पर अवैध पिस्तोल से फायर कर दिया था। रमन द्वारा किए गए फायर में गोली विक्की के पेट में जा लगी थी।

पुलिस ने विक्की के बयान पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रमन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ तथा अवैध पिस्तौल को बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस को दिए बयान में सिसाय काली रावण निवासी 29 वर्षीय रमन ने बताया था कि वह सिसाय बोलान निवासी विक्की के साथ हांसी में फाइनेंस का काम करता है। उन्होंने हांसी बस स्टेंड के पीछे गली में अपना ऑफिस बनाया हुआ है तथा सिसाय बोलान निवासी आरोपी जयदीप भी हमारे साथ कार्य करता है। रमन ने बताया कि जयदीप के घर लड़की पैदा हुई थी और लड़की पैदा होने पर जयदीप ने 28 अप्रैल को हमें पार्टी दी और जिसमें मैं, जयदीप व सिसाय बोलान निवासी विजय ने विक्की के साथ ऑफिस में बैठकर बियर पी।

इसी दौरान जयदीप ने अपनी जेब से पिस्तोल निकाला और हमें कहा कि आपको कुछ दिखाता हूं। इस हमने उसे कहा कि इसको वापस अपनी जेब में रखो। इस पर जयदीप कहने लगा कि क्यों इसे जेब में क्यों रखूं और इसी बात को लेकर हमारी आपस में तू-तूं मैं-मैं हो गई। रमन का कहना है कि इसी तू-तूं मैं-मैं के चलते जयदीप ने अपने हाथ में लिए हुए पिस्तोल से उस पर गोली चला दी। पिस्तोल से निकली गोली उसके पेट में आ लगी और उसके बाद वह बेहोश हो गया।



**हांसी।** हत्या प्रयास का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## उम्मीदवार तीन बार मीडिया में जारी करेगा अपना घोषणा-पत्र

**हिसार।** नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने तथा चुनाव निशान आवंटित होने के बाद जिस किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है तो उसे मतदान की तारीख से दो दिन पहले तक तीन बार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में इसकी सूचना प्रकाशित करवानी होगी। उम्मीदवार किसी राजनीतिक पार्टी का है तो उसे पार्टी मुख्यालय को भी इस सूचना से अवगत करवाना आवश्यक है, ताकि पार्टी अपनी वेबसाइट पर उम्मीदवार के आपराधिक मामलों की जानकारी दे सके। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि 9 मई को नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो चुका है।

## झिड़ी आरोही मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


हरियाणा वद्यिालय शक्षिा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में झिड़ी स्थित आरोही मॉडल स्कूल का रिजल्ट गत वर्षों की भांति इस बार भी शतप्रतिशत रहा। स्कूल मीडिया प्रभारी कमल किशोर ने बताया वद्यिालय के 45 में से 32 वद्यिार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। वद्यिालय की छात्रा सिमरन कौर व अमनदीप कौर ने 475/500 (95 प्रतिशत) अंकों के साथ प्रथम, सतवीर कौर व रजनी ने 466/500 (93.4 प्रतिशत) अंकों के साथ दूसरा जबकि जश्नप्रीत कौर व कुलवद्रिं कौर ने 464/500 (92.8 प्रतिशत) अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरमनजोत कौर, जशनदीप कौर, जशनप्रीत कौर, जस्मीन कौर, लवप्रीत कौर, परमवीर कौर, पूजा रानी, सिमरन कौर, ईशान वर्मा, जतिन कुमार, लवप्रीत सिंह, रणवीर ने पंजाबी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की। वद्यिार्थियों की इस शानदार सफलता पर स्कूल इंचार्ज रतीश कुमार, खंड शक्षिा अधिकारी मनीषा नी दीपा, लखवद्रिं सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत झिड़ी व वद्यिालय प्रबंधन समिति के प्रधान जगजीत सिंह ने सभी वद्यिार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी व भवष्यि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### 500 में से 489 अंक लेकर हिमांशी रही प्रथम

# शत प्रतिशत रहा टैगोर मॉडल स्कूल का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के आज घोषित हुए दसवीं परीक्षा परिणाम में टैगोर मॉडल स्कूल फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने पिछले 42 वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की परंपरा को जारी रखते हुए, इस वर्ष भी फतेहाबाद शहर में सबसे बढ़िया प्रदर्शन किया है। स्कूल मुख्याध्यापक बनवारी लाल तनेजा के कुशल नेतृत्व में स्कूल के अध्यापकों के सार्थक परिश्रम और विद्यार्थियों की मेहनत से कुल 31 में सभी प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 18 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की हैं जिनमें से 9 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। स्कूल प्रबंधक शैलेन भास्कर व ज्योति मेहता ने बताया कि स्कूल की छात्रा हिमांशी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ साथ ईशानप्रीत ने 484, पुष्कर सिंह धामी ने 470, भावना ने 468, परी कालड़ा ने 466, करिश्मा ने 464, मानसी ने 462, दीक्षा ने 459, सिमरन ने 450 अंक प्राप्त करके 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर डिस्टिंक्शन हासिल की है। इसके अलावा खुशबू चावला, भूपेंदर, मुस्कान, अंशिका, पारुल, मोहित, मुस्कान रानी, मानव और प्रिंस ने बोर्ड मेरिट हासिल की हैं। स्कूल मुख्याध्यापक बनवारी लाल तनेजा ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और स्कूल की सारी फैकल्टी को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**फतेहाबाद।** टैगोर मॉडल स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

## आर्यभट्ट की मिशिका 489 अंक लेकर रही प्रथम

**फतेहाबाद।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर्यभट्?ट हाई स्कूल की छात्रा मिशिका 489 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। स्कूल की प्राचार्या दीपिका झांब ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा मिशिका 489 अंक प्राप्त करके प्रथम रही वहीं वंश जांगड़ा 488 अंक लेकर स्कूल में द्वितीय, अंजलि सोनी और चेतन्या संयुक्त रुप से 485 अंक लेकर तृतीय, 480 अंक लेकर रिशभ और तेजिंद्र चतुर्थ और 478 अंक लेकर यशिका पांचवें स्थान पर रही। प्राचार्या ने बताया कि स्कूल के 19 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 43 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 47 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

## खबर संक्षेप

### मकान से नकदी और आभूषण चोरी

**डिंग मंडी।** गांव कुसुंबी में चोर एक बंद पड़े मकान से 80 हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए के आभूषण चुरा कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक ताराचंद ने बताया कि वह बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत है और उसका भाई सुभाष भारतीय सेना में कार्यरत है। उसने बताया कि उसका छोटा भाई परिवार सहित जालंधर में रहता है। वह अपने परिवार सहित जालंधर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर पीछे से चोरों ने मकान में घुसकर अलमारी से 80 हजार रुपए की नकदी, एक सोने की अंगूठी, गले की चेन, सोने की चूड़ियां व कपड़े चोरी कर ले गए।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में करीब 4 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल सिरसा प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अरुण कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी हाउस नंबर 239 नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा के खिलाफ वर्ष 2020 में घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि घटना के समय से ही आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

### फतेहाबाद में अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद के मॉडल टाऊन स्थित एक अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सतीश कालोनी फतेहाबाद निवासी सुदर्शन कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था।

### रतनगढ़ के पास गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए पुलिस टीम ने गांव रतनगढ़ के पास से एक युवक को गांजा बेचते काबू किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम एएसआई राजपाल सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव रतनगढ़ में बुढलाडा रोड पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि गोपी निवासी गांव हमजापुर नामक युवक कमाना मोड़ पर खड़ा है और उसके पास काफी मात्रा में नशीला पदार्थ है और वह गांजा सप्लाई करने की फिराक में है।

### छात्रा लापता, दूधवाले युवक पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** टोहाना शहर से एक छात्रा के लापता होने का समाचार है। छात्रा के परिजनों ने दूध देने आने वाले युवक पर उनकी लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने और उन्हें धमकी देने का आरोप लगाया है। इस बारे टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गीता कालोनी निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी 17 साल की लड़की 11वीं कक्षा में पढ़ती है।

17 को रतिया में थाने के आगे महापंचायत बुलाने का लिया निर्णय

# मुकदमों के विरोध में किसान यूनियन ने थाने का किया घेराव

पुलिस अधिकारियों से की तड़ाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** रतिया सदर थाना के समक्ष धरना देते हुए किसान।

उपमंडल के गांव पिलछिया में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के दो दर्जन से भी ज्यादा किसानों पर भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के विरोध में रविवार को यूनियन के सैंकड़ों सदस्यों ने रतिया सदर थाना का घेराव किया और पुलिस प्रशासन व भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान किसान नेताओं की सदर थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश से काफी तू तड़ाक भी हुई जिसके बाद किसान यूनियन में निर्णय लिया है कि अगर 17 मई तक किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए झूठे मुकदमे को खारिज नहीं किया और पुलिस वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो 17 मई को हजारों किसान रतिया सदर थाना के समक्ष महापंचायत बुलाएंगे और अनिश्चित कालीन धरना देंगे। आज के धरने की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने की। इस मौके पर सुखदीप रंधावा, ओम प्रकाश हासंगा, गुरपयार बाड़ा, पूर्व सरपंच गुरसेवक सिंह, परमजीत सिंह, जगसीर सिंह बाड़ा, इकाई प्रधान निर्मल सिंह, रुप सिंह खोखर, जरनैल सिंह ढिल्लों, बाबा गुरबचन सिंह, दुला सिंह, प्रीतपाल कमाना, पाल सिंह आदि मौजूद थे।

मनदीप सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अशोक तंवर जब रतिया हलके के गांव का दौरा करते हुए गांव पिलछिया के पास पहुंचे तो वहां पर किसान संघर्ष समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अशोक तवर से सवाल पूछने चाहे लेकिन गांव के ही एक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा किसान संघर्ष समिति के सदस्यों से झगड़ा कर लिया। किसान नेता मनदीप सिंह ने आरोप लगाया कि रतिया सदर पुलिस के कर्मचारी भाजपा नेताओं के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं और उन्होंने भाजपा नेताओं के दबाव में आकर भाजपा के पिलछिया गांव के कार्यकर्ता को पुलिस की गाड़ी में ही रतिया नागरिक हॉस्पिटल में लेकर आए और भाजपा कार्यकर्ता के बयानों पर दो दर्जन के करीब किसानों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 मई को रतिया सदर थाना के समक्ष पुलिस की कार्यप्रणाली और भाजपा नेताओं के खिलाफ महापंचायत बुलाई गई है जिसमें हजारों किसान भाग लेंगे और अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा।

अगर किसानों के खिलाफ दर्ज किए किए गए मुकदमों को बिना शर्त रद्द नहीं किया गया और झूठा मुकदमा दर्ज करने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी और भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध को तेज किया जाएगा।

#### मुकदमे को खारिज करने की मांग

आज किसानों ने पुलिस कार्यप्रणाली के खिलाफ सदर थाने का घेराव किया और गेट के आगे धरने पर बैठ गए। इस दौरान थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश जब उन्हें समझाने आए तो किसानों ने थाना अध्यक्ष पर ही भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर काम करने का आरोप लगा दिया जिसके बाद थाना अध्यक्ष और किसानों में आपकी तू तड़ाक भी हुई। गांव पिलछिया के पूर्व सरपंच गुरसेवक सिंह ने आरोप लगाया कि जिस दिन झगड़ा हुआ उसे दिन वह गांव से 30 किलोमीटर दूर पालसर गांव में कुमारी शैलजा के कार्यक्रम में मौजूद थे लेकिन विधायक के दबाव में उसके खिलाफ भी झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने मौके पर उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार से बात की और किसानों को 17 मई तक का समय मांगा जिस पर किसानों ने कहा कि अगर 17 मई तक किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए झूठे मुकदमे को खारिज नहीं किया गया तो 17 को सदर थाना के समक्ष हजारों किसान महा पंचायत में पहुंचेंगे और पुलिस व भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

# पुलिस व अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च


**सिरसा।** पुलिस व अर्धसैनिक बल फ्लैग मार्च निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- आम लोगों को नष्पिक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का वश्विास दिलाया

आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण के दिशा-नर्दिेशानुसार जिला पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने मिलकर रानियां तथा डिंग क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों तथा जवानों ने आम लोगों को नष्पिक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का वश्विास दिलाया तथा शांतिपूर्वक मतदान करवाने में सहयोग करने की अपील की। मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान में बिना किसी भय व डर के नर्भिकि रूप से मतदान करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। रानियां थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च जीवन नगर से शुरू किया गया, जोकि संत नगर हरिपुरा, करीवाला, बणी, नथोर व बचेर से होते हुए निकला। जबकि डिंग थाना क्षेत्र में डिंग रोड, डिंग मंडी, मोचीवाली, भावदीन तथा मोरीवाला क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है, ताकि मतदाता पूरी तरह नभीिक होकर मतदान कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, या क्षेत्र हैं, वहां पर पूरी निगरानी रखी जा रही है तथा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने जहां जिला के अंदर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं, वहीं जिला के साथ लगती पंजाब और राजस्थान सीमा पर भी कड़ी सावधानी व सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नाकों से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन तथा व्यक्ति को बारीकी से चेक किया जा रहा है और संदग्धि कस्मि के लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# आरओ ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

- रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि तकनीकी टीमें सभी ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की अच्छी प्रकार से जांच करें और अपडेट रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए।

रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने रविवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और तकनीकी टीमों को आवश्यक दिशा नर्दिेश दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि तकनीकी टीमें सभी ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की अच्छी प्रकार से जांच करें और अपडेट रखें। उन्होंने सुरक्षा में लगे अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को नर्दिेश दिए कि ईवीएम की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में सुरक्षा के दृष्टिगत नियमों की सख्ती से पालना सुनश्चिति किए जाएं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे तथा वेयरहाउस में आने वाले अधिकारियों की रजस्टिर में हाजिरी बारे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कौताही करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दर्जनों नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनाव के बीच फतेहाबाद में कांग्रेस में शामिल होने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को भाजपा, जजपा और इनेलो के दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ विनीत पुनिया ने सभी नेताओं को कांग्रेस में शामिल कराया। कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं ने कुमारी सैलजा को पूर्ण रूप से समर्थन देने की घोषणा की। बीसला के युवा नेता विकास काजला, आटो मार्केट से रुली राम कासनिया, समाजसेवी हरदीप आजाद, आजाद नगर फतेहाबाद के नेता भगत सिंह कंबोज, इसरार खान, बलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, धमू वाल्मीकि, रमेश कुमार, काका रोड़ी, छिंदा सिंह, सुभाष, स्वर्ण सैनी, प्रेम कुमार आदि रहे।

# महिला सहित तीन लोग 22 किलोग्राम डोडापोस्त सहित काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली


**सिरसा।** डोडापोस्त क साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

हरियाणा राज्य नार्कोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा ने गश्त व चैकिंग के दौरान एक महिला सहित तीन लोगों को 22 किलोग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया। एचएसएनसीबी यूनिट सिरसा प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि सिरसा यूनिट की एक पुलिस टीम एसआई तरसेम सिंह के नेतृत्व में गांव सिकंदरपुर में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी की कमला पत्नी सतपाल निवासी ऐलनाबाद हाल किराएदार गांव सिकंदरपुर में अपने मकान में डोडापोस्त की सप्लाई करती है। मकान की तलाशी ली जाए तो काफी मात्रा में डोडापोस्त मिल सकता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जब बताए गए मकान पर पहुंचे तो वहां पर एक महिला मिली जिसने अपना नाम कमला पत्नी सतपाल बताया। मौके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर उसके घर की तलाशी ली गई तो उसके कमरे से दो प्लास्टिक के गट्टे से 22 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि वह यह डोडापोस्त गांव के ही दो व्यक्तियों से खरीद कर लाती है। आगामी कार्रवाई करते हुए एनसीबी टीम ने उन दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की दाता सिंह उर्फ दारा पुत्र रामस्वरूप व तारा सिंह पुत्र बग्गा सिंह निवासी गांव सिकंदरपुर के रूप में हुई है।

# रिटर्निंग अधिकारी ने स्ट्रांग रूम में पोस्टल बैलेट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- चुनावी ड्यूटी व अन्य सभी श्रेणियों के मतदाताओं के लिए 44 हजार 500 पोस्टल बैलेट प्रिंट करवाए

रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने रविवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित जिला खजाना अधिकारी कार्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पोस्टल बैलेट का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन द्वारा सिरसा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी व अन्य सभी श्रेणियों के मतदाताओं के लिए 44 हजार 500 पोस्टल बैलेट प्रिंट करवाए गए हैं। इस मौके पर पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र ढुल, तहसीलदार चुनाव रोहित भी मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने अधिकारियों से पोस्टल बैलेट के संबंध में वस्तिार से जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा नर्दिेश दिए। उन्होंने कहा कि भारत नर्वािचन आयोग द्वारा विभन्नि श्रेणियों के मतदाताओं को पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग का यह लक्ष्य है कि हर पात्र मतदाता अपना मतदान करें और यह बेहद सराहनीय कदम है। उपायुक्त ने चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों सहित ऐसी सभी श्रेणियों के मतदाताओं से पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील भी की है।

# डीएवी स्कूल नागपुर की रंजू मेहता बनी ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन की स्टेट डायरेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


**रतिया।** ऑल इंडिया प्रिंसीपल एसोसिएशन की स्टेट डायरेक्टर बनी डीएवी स्कूल नागपुर की चेयरमैन रंजू मेहता।

जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थान डीएवी स्कूल नागपुर की चेयरमैन रंजू मैहता को शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतरीन प्रयासों के चलते ऑल इंडिया प्रिंसीपल एसोसिएशन, हरियाणा का स्टेट डायरेक्टर (अकैडमिक्स) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। ऑल इंडिया प्रिंसीपल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नवदीप भारद्वाज न उनके यह जिम्मेदारी एसोसिएशन की सफलता और उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, उनकी कार्य कुशलता, समर्पण, रचनात्मका और जिम्मेवारी की मजबूत भावना को देखते हुए दी है। अपनी नियुक्ति पर रंजू मेहता ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वे एसोसिएशन, बच्चों और समाज के विकास के लिए तन-मन-धन से कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि वे और उनकी टीम बच्चों की जिंदगी को खुशहाल बनाने, उनका भविष्य संवारने और उनका व्यक्तित्व निखारने में निःस्वार्थ भाव से काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि डीएवी स्कूल नागपुर का यही प्रयास रहा है कि शिक्षा क्षेत्र में पिछड़े इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। शिक्षा के साथ-साथ उनकी सर्वांगीण विकास को लेकर स्कूल द्वारा लगातार प्रयास किए जाते हैं। यही कारण है कि डीएवी स्कूल नागपुर के विद्यार्थियों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# स्टॉक मार्किट में निवेश के नाम पर पैसे डबल करने वालों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि शेयर मार्केट में रातों-रात मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाने वालों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की इस युग में इंटरनेट ने हर क्षेत्र में अपने पांव पसार लिए हैं। आज के युग में हम कोई भी काम करने से पहले इंटरनेट का उपयोग करने के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप शेयर मार्केट में पैसा लगाना चाहते है तो डिमैट अकाउंट के बिना शेयर या स्टॉक मार्केट में निवेश न करें। उन्होंने साइबर फ्रॉड से सावधान रहने की नसीहत देते हुए कहा कि ट्रेडिंग करते समय थर्ड पार्टी एंड्रायड एप का इस्तेमाल न करें, क्योंकि साइबर ठग आपकी मेहनत की गाढी कमाई को चूना लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड करने वाले निवेशकों को पहले आकर्षित करने के लिए उनके बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करते हैं और फिर भोले भाले लोगों का वश्विास पूरी तरह से हासिल कर लेते है। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कभी भी अज्ञात या असत्यापित सोशल मीडिया लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि अब ज्यादातर अकाउंट होल्डर को उनके रजस्टिर्ड मोबाइल नंबर पर लिंक भेज कर शेयर ट्रेडिंग करने एवं रातों-रात मुनाफा कमाने का लालच देकर झांसे में फसा रहे हैं।

# शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान



**सिरसा।** स्थानीय रैन बसेरे में रविवार को सामाजिक संस्था प्रांजल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रेस सचिव श्याम सुंदर सैनी ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी हिमांशु बंसल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सी पी कारगवाल ने की। नरेश डरोलिया व जितेंद्र सिंगला विशष्टि अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यातिथि हिमांशु बंसल ने कहा कि रक्त से बड़ा कोई दान नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में 45 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। सिविल अस्पताल, सिरसा से आई टीम ने रक्त संग्रहण किया। प्रांजल प्रधान राजबीर सिंह ने सभी अतिथियों और रक्तदानियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

खिलाड़ियों से अपील आह्वान किया की खेल को खेल भावना से खेलेंः अनिल ज्याणी

# युवाओं को नशे से बचाने को कबड्डी जैसे खेलों से जोड़ना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** गांव बनावाली में सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि अनिल ज्याणी को सम्मानित करते आयोजक।

आज का युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है। युवा शक्ति को नशे की लत से बचाने और देश के विकास में लगाने के लिए उन्हें खेलों की तरफ प्रोत्साहित करना बेहद जरूरी है। ग्रामीण आंचल में खेले जा रहे कबड्डी जैसे खेलों में भाग लेकर न केवल युवा स्वस्थ व तंदुरूस्त रह सकते हैं वहीं इन खेलों में शानदार प्रदर्शन कर विश्व में भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। यह बात स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष व फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके बिश्नोई समाज के प्रमुख नेता अनिल ज्याणी ने गांव बनावाली में आयोजित सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए कही। अनिल ज्याणी ने खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें प्रोत्साहित किया और उनसे हार-जीत की परवाह किए बिना खेल भावना से खेलने की भी अपील की। ऐम्योचर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान एवं गांव बनावाली के सरपंच बलजीत सिंह व सचिव सुनील कुमार ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता में अनेक जिलों की टीमें भाग लेने पहुंची है।

### मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई

पहले दिन विभिन्न टीमों के बीच रोचक मुकाबले दिए, जिन्हें देखने के लिए काफी संख्या में बनावाली व आसपास के गांवों से लोग पहुंचे हुए थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल भारत में बरसों से खेले जाते रहे हैं लेकिन आज के मोबाइल के युग में बच्चे ऐसे पारम्परिक खेलों से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि आज के बच्चों में पहले जैसी स्फूर्ति और जोश नहीं रहा लेकिन ग्रामीण आंचल के लोग अब भी ऐसे पारम्पिक खेलों को जिंदा रखे हुए हैं। आज कबड्डी केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व में खेली जाती है। इस खेल में भारत के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। खेलों के साथ-साथ उन्हें युवाओं से देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए लोकतंत्र के पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने और 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की भी शपथ दिलाई। अंत में एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी नंदलाल मजोका, धर्मपाल कड़वासरा, राव भूप सिंह, संदीप कुमार, ओमप्रकाश बगड़िया, कप्तान भूपेन्द्र सिंह, बलजीत बैनीवाल खाबड़ा कलां, कर्णपाल, मंगतराम, सुनील बिश्नोई, उग्रसैन भादू, शुभम ढुकिया, रितिक मांजू खजूरी जाटी, सुरजीत बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।